दिनांक : 13.06.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

पीएम गुजरात यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल गए और एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में बचे एक मात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से अस्पताल जाकर मुलाकात की। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। बाद में प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। वहीँ, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गयी है.

एयर इंडिया -भूमि चौहान

गुजरात के भरूच की रहने वाली भूमि चौहान उन चंद लोगों में से एक हैं जो किस्मत से विमान हादसे से बच गईं। उन्हें कल एयर इंडिया की उसी फ्लाइट से लंदन जाना था जो दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। भूमि ने बताया कि अहमदाबाद में ट्रैफिक बहुत ज्यादा होने की वजह से वह देरी से पहुंचीं थी.

मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार) पुरस्कार

शासकीय सेवाओं में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार) पुरस्कार के लिए वर्ष 2024-25 में किये गए नवाचारों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है।मुख्यमंत्री उत्कृष्टता

पुरस्कार महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक समावेशन और समावेशी विकास के क्षेत्र में किये गये नवाचारों को प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक चयनित प्रविष्टि को एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

ज्ञान पोस्ट

डाक विभाग ने शैक्षिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक पुस्तकों की सुगम और सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष डाक सेवा शुरू की है। यह पहल नई शिक्षा नीति के लक्ष्य के अनुरूप है और इसका उद्देश्य छपी शैक्षणिक सामग्री को दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों सहित देशभर में किफायती रूप से पंहुचाना है। ज्ञान पोस्ट के माध्यम से देश के सभी डाकघरों से तीन सौ ग्राम की पुस्तकों के पैकेट के लिये बीस रुपये और पांच किलोग्राम तक के पैकेट के लिये सौ रुपये की न्यूनतम दर लगेगी।

मौसम

प्रदेश में 15 और 16 जून को भारी बारिश होने की सम्भावना है। इस दौरान पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, खंडवा में ढाई से साढ़े चार इंच तक बारिश हो सकती है। इसी दौरान मानसून भी प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। मानसून के प्रवेश की सामान्य तारीख 15 जून ही है। मौसम विभाग ने भी 15 जून तक दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रवेश करने की संभावना जताई है। हालांकि, आज उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के 12 जिलों में लू का अलर्ट है।

समाचार संक्षेप में...

- सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीक ने कल जल जीवन योजना के तहत दमोह में बन रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया

- राज्य शासन द्वारा एमपी स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच में सहकार्यता अनुबंध के उद्देश्यों की पूर्ति और डेयरी विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे।
- शिवपुरी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन ने संविदा उपयंत्री की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।
- जबलपुर की बरगी थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी कार से 63 किलो गांजा बरामद किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 12 लाख 60 हजार रुपये है। और
- बैतूल पुलिस ने स्वसहायता समूह को झांसे में लेकर करीब 1 लाख रुपए की ठगी करने वाली महिला को हरदा से गिरफ्तार कर लिया है।

नमस्कार